कार्यालय-प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी

. 26.09.18 को नैक द्वारा B++ग्रेड प्राप्त . अग्रणी महाविद्यालय, जिला-कटनी.

Phone : 07622-235723, E Mail : gtc_katni@yahoo.co.in, hegtckat@mp.gov.in


# अनुसंधान नीति

## शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी

## मध्यप्रदेश

## 2021-22

# अनुसंधान नीति

उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए शोध आवश्यक है। इसलिए उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ज्ञान के सम्प्रेषण के साथ-साथ ज्ञान का उत्पादन भी करें। इसके माध्यम से वे ज्ञान के क्षितिज को विस्तृत करने के साथ-साथ अपने समाज की समसामयिक समस्याओं के समाधान में महत्त्वपूर्ण योगदान का सकते हैं। मध्यप्रदेश में सत्र 2021-22 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्नातक स्तर से ही शोध कार्य को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि का विकास करना है। यह अनुसंधान नीति इसी की पूर्ति में सहायक है।

## अनुसंधान नीति के उद्देश्य

महाविद्यालय की अनुसंधान नीति के निम्न प्रमुख उद्देश्य हैं -

1. महाविद्यालय में शोध के जीवंत वातावरण का निर्माण करना।
2. महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की शोध क्षमता में अभिवृद्धि करना।
3. विद्यार्थियों में शोध अभिवृति का विकास करना।
4. शोध कार्य हेतु महाविद्यालय में अधोसंरचना का विकास करना।
5. महाविद्यालय के शिक्षकों के शोध पत्रों के प्रकाशन को प्रोत्साहन देना।
6. बहुविषयक शोध को प्रोत्साहित करना।

## अनुसंधान नीति की कार्य-योजना

1 महाविद्यालय में समय-समय पर नई-नई शोध प्रविधियों पर सेमीनार और कार्यशाला का आयोजन

2 प्रत्येक शिक्षक द्वारा अपने शोध क्षेत्र की पहचान करना

3. शोध के विभिन्न आयामों पर विद्यार्थियों के लिए संकाय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन।

4. पुस्तकालय में संदर्भ ग्रंथों की संख्या में निरंतर वृद्धि करना।

5. *एन-लिस्ट'* के अतिरिक्त अन्य शोध पत्रिकाओं को उपलब्ध कराना।

6. शोध से संबंधित विभिन्न सॉफ्टवेयर को क्रय करना।

7. स्नातकोत्तर विभागों में दो कंप्युटर और एक प्रिंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

8. स्नातकोत्तर विभागों को शोध-केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करना।

9. महाविद्यालय से एक शोध-पत्रिका का प्रकाशन।

10. नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों के लिए यू. जी. सी. केयर लिस्ट में शामिल शोध पत्रिका

में शोधपत्र के प्रकाशन हेतु लिए जानेवाले शुल्क की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करना।

11. महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा पुस्तक के प्रकाशन को प्रोत्साहित करना।

12 किसी ज्वलंत प्रश्न पर बहुविषयक शोध पत्रों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित करना।

13. स्नातक प्रथम वर्ष द्वारा किये जा रहे फील्ड प्रोजेक्ट के आधार पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा शोध पत्र तैयार कर प्रकशित करना।

10/9/21

Principal
Govt. Tilak P.G. College
Katni (M.P.)